31/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य में आज दोन्यी पोलो दिवस मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने राज्य वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस शुभ अवसर पर नाहरलागुन के पाचिन कॉलोनी में नवनिर्मित दोन्यी पोलो न्येदार नामलो प्रार्थना केंद्र का उद्‌घाटन किया और इसे राज्य वासियों को समर्पित किया। श्री खांडू ने अमेरिका स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर कल्चरल स्टडीस - ICCS के सहयोग से राज्य की स्वदेशी संस्कृति, आस्था और भाषाओं पर प्रचार, डॉक्यूमेंटेशन, शोध और शिक्षा के लिए राज्य में विश्वविद्‌यालय स्तर के संस्थान की स्थापना की योजना की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आस्थाओं और संस्कृति का उच्चतम स्तर पर शोध और डॉक्यूमेंटेशन होना चाहिए और स्वदेशी संस्कृति और भाषाओं पर विद्‌वान तैयार करने चाहिए। उन्होंने इंडिजिनस फैथ एंड कल्चरल सोसायटी ऑफ अरुणाचल प्रदेश- (IFCSAP) की भूमिका पर भी जोर दिया जो राज्य की स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक ने नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि नया साल राज्य में असाधारण प्रगति, शांति, सौहार्द, समृद्धि और विकास लेकर आयेगा। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश का विकास चार प्रमुख स्तंभों यानी शिक्षा,

स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और पर्यटन पर टिका है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से समृद्ध, आत्मनिर्भर और सामंजस्यपूर्ण राज्य के निर्माण में राज्य सरकार का समर्थन करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि 2025 तक तपेदिक उन्मूलन के मिशन से प्रेरित राज्य सरकार एक स्वस्थ भविष्य के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ा रही है। उन्होंने सभी को विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि सभी के लिए सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज राज्य वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि टीम अरुणाचल के रूप में राज्य सरकार समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए नई साल में भी नई ऊर्जा के साथ काम करेगी। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि टीम अरुणाचल का मिशन हर चुनौती को अवसर में बदलना, लोगों को सशक्त बनाना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य वासियों को साल 2024 के अंत के जश्न और 2025 के स्वागत के उत्साह के साथ नए साल की पूर्व संध्या पर सुरक्षित वाहन चलाने का आह्वान किया है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने राज्य के सड़कों पर उल्लेखनीय सुधार और सुगम यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने सभी से जिम्मेदारी से वाहन चलाने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सभी का उत्सव सुरक्षा, शांति, भाईचारे और सद्भाव से चिह्नित हों।

0000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम (आईएमसी) के मेयर तामे फासांग ने गत सोमवार सिविल सचिवालय ईटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खांडू से मुलाकात की। यह मुलाकात शहरी विकास को मजबूत करने और नगरपालिका के भीतर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी। बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्रों में सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे, समाधानों और सक्रिय शासन की आवश्यकता को रेखांकित किया। श्री फासांग ने राज्य सरकार और नगर निगम अधिकारियों के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, आईएमसी की शिकायतों को साझा किया, जिन पर राज्य सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है और इस संबंध में, मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों को तुरंत हल करने का आश्वासन दिया है।

0000000000000000000000

नेपाल में सुरक्षा और द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार के उद्देश्य से भारत-नेपाल सैन्य अभ्यास का 18वां संस्करण आज लुम्बिनी प्रांत के रूपन्देही में शुरू हुआ।

दो सप्ताह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में नेपाली सेना की श्री जंग बटालियन और भारतीय सेना की 11वीं गोरखा राइफल भाग ले रही हैं। संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण से नेपाल और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध और विश्वास बढ़ने तथा सांस्कृतिक संबंधों के विस्तार की भी उम्मीद है।

0000000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कल रात श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। PSLV-C60 ने दो उपग्रह SDX01 (चेज़र) और SDX02 (टारगेट) को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिन्हें अब अगले 10 दिनों में अंतरिक्ष डॉकिंग की दिशा में निर्देशित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने भी इसरो को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

000000000000000000000

रक्षा मंत्रालय ने डीआरडीओ-एआईपी प्रणाली के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्लग के निर्माण और भारतीय पनडुब्बियों पर इसके एकीकरण तथा कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों पर इलेक्ट्रॉनिक हैवी वेट टॉरपीडो (ईएचडब्ल्यूटी) के एकीकरण के लिए 2000 करोड़ रुपये से अधिक के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। दोनों अनुबंधों पर नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

0000000000000000000000

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने 'विवाद से विश्वास' योजना की समय सीमा अगले साल 31 जनवरी तक बढ़ा दी है। जो आज समाप्त होने वाली थी।

इस विस्तार से करदाताओं को योजना में पेएबल एमाउंट निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। 2024 में अपने बजट भाषण में, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने ‘विवाद से विश्वास’ योजना की घोषणा की, जिसका उद्देश्य करदाताओं को आयकर विभाग के साथ विवादों को सुलझाने में मदद करना है।

0000000000000000000000